जाने से पहले क्या करें

उन चीज़ों की सूची जिन्हें ले जाना चाहिए

दस्तावेज़: अमेरिका जाने से पहले वहां के लिए अपने ज़रूरी कानूनी, चिकित्सा संबंधी तथा शैक्षिक दस्तावेज ले जाने की तैयारी कीजिए। उन्हें सूटकेस में मत डालिए। उन्हें किसी को भी उधार या यों ही मत दे दीजिए जब तक कि वह व्यक्ति अपनी पहचान की पुष्टि करके यह न बता दे कि उसे उन दस्तावेज़ों को प्राप्त करने का अधिकार है।

कानूनी दस्तावेज़: आप विदेशी नागरिक के रूप में अमेरिका जा रहे हैं। इसलिए अपनी कानूनी स्थिति को प्रमाणित करने के लिए आपके पास ज़रूरी दस्तावेज़ होने चाहिए। ये दस्तावेज़ हैं:

- वैध पासपोर्ट, जो आपके अमेरिका पहुंचने की तिथि से कम से कम छह माह की अवधि तक वैध हो।
- आपके पासपोर्ट के भीतर अमेरिकी दूतावास अथवा वाणिज्य दूतावास के कान्सुलर द्वारा मुहर लगाया हुआ आप्रवासी वीजा
- विद्यार्थियों तथा अध्येताओं के लिए पात्रता प्रमाणपत्र (आई-20 ए-बी, आई-20 एम-एन, या डी एस-2019 फॉर्म)
- आगमन तथा प्रस्थान रिकॉर्ड (आइ-94 फॉर्म) जो आपको आमतौर पर लैंडिंग से पहले वायुयान में दिया जाएगा।

प्रतिरक्षाकरण तथा टीकाकरण के प्रमाणपत्र: अमेरिकी दूतावास अथवा वाणिज्य दूतावास से पता कीजिए कि क्या अमेरिका जाने से पहले आपको चिकित्सा जांच और/अथवा प्रतिरक्षाकरण कराना है। इस बारे में प्रत्येक देश के लिए अलग-अलग नियम हैं। अधिक जानकारी के लिए देखिए http://www.who.int/ith/

दवाइयां और चश्मे: अगर आप डॉक्टर की सलाह पर नियमित रूप से दवाइयां ले रहे हैं तो ऐसी दवाइयां काफी मात्रा में रख लीजिए। साथ ही अंग्रेजी में लिखी डॉक्टर की पर्ची भी रख लीजिए। अगर आप नज़र का चश्मा पहनते हैं तो अगर संभव हो एक जोड़ा और रख लेना अच्छा रहेगा। अंग्रेजी में डॉक्टर का लिखा चश्मे का पूरा विवरण भी रख लीजिए।

चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा रिकार्ड: संभव हो तो अपना नवीनतम और विस्तृत चिकित्सा तथा दंत चिकित्सा रिकार्ड भी रख लीजिए।

शैक्षिक दस्तावेज़: स्कूल, कॉलेज या विश्वविद्यालयों से अपने शैक्षिक परिणामों की प्रामाणिक प्रतिलिपियां ले लीजिए। आप जिस सेकेंडरी स्कूल अथवा विश्वविद्यालय में हाल ही तक पढ़ते रहे हैं, उसके पाठ्यक्रम, सूची पत्र, बुलेटिन, पाठ्यक्रम विवरण अथवा अन्य संबंधित सामग्री भी रख लीजिए। अमेरिकी कॉलेज अथवा विश्वविद्यालय में शैक्षिक योग्यता अथवा पाठ्यक्रमों का आवंटन करते समय अगर किसी प्रकार का कोई प्रश्न उठता है तो प्रवेश कार्यालय तथा शैक्षिक विभागों में ये रिकॉर्ड बहुत उपयोगी साबित होंगे।

संपर्क सूचना: अपने दस्तावेज़ों में अपने अमेरिकी विश्वविद्यालय के उस व्यक्ति का नाम, पता और टेलीफोन नंबर जरूर लिखिए, जिससे आपकी यात्रा में विलंब हो जाने अथवा आपात स्थिति में संपर्क किया जा सके। संपर्क सूत्र के रूप में अपने घर के किसी व्यक्ति का विवरण भी दीजिए। साथ ही अमेरिका में अपने देश के वाणिज्य दूतावास का नाम, पता और टेलीफोन नंबर भी दीजिए।

क्या-क्या रखें:

- एक स्तरीय द्विभाषिक यानी डिक्शनरी क्योंकि हो सकता है अमेरिका में आपकी भाषा का शब्दकोश न मिल पाए।
- वे पुस्तकें, मैनुअल अथवा जर्नल जो आपकी दृष्टि से आपके अध्ययन में संदर्भ सामग्री के रूप में काम आएंगें, क्योंकि वे तो अमेरिका में मिलेंगे ही नहीं।
- विशेष अवसरों के लिए अपनी परंपरागत पोशाक तथा अन्य चीजें। अमेरिकी नागरिकों को अपनी संस्कृति तथा परंपराओं की जानकारी देने का यह शानदार तरीका होगा।
- कैमरा ताकि घर लौटते समय आप अमेरिका की सचित्र यादें अपने साथ ले जा सकें।

इन्हें न ले जाएं:

- जो चीजें आप अमेरिका में आसानी से खरीद सकते हैं जैसे नोटबुक, पेन, कागज।
- खाद्य पदार्थ, बीज या पौधे। अमेरिका में खाद्य पदार्थों, जल्दी खराब होने वाली तथा कृषि संबंधी वस्तुओं को लाने पर सख्त पाबंदी है।
- वे पुस्तकें जो अमेरिकी पुस्तकालयों में आसानी से मिल सकती हैं। कुछ विश्वविद्यालयों के पुस्तकालयों की पुस्तक-सूची इंटरनेट पर मिल सकती है। आप उनकी उपलब्धता की जांच कर सकते हैं। आप विश्वविद्यालय में पुस्तकालय के कर्मचारियों से किसी ज़रूरी पुस्तक की उपलब्धता के बारे में संपर्क भी कर सकते हैं।
- पशु-पक्षी
- दवाइयां, यदि आपके पास डॉक्टर की लिखित पर्ची न हो।
- महंगे जेवरात, बेशकीमती चीजें, अपके वंश से जुड़ी अथवा नाजुक चीजें क्योंकि इन चीजों के कभी भी खो जाने, चोरी हो जाने या क्षतिग्रस्त हो जाने का डर रहता है।
- आग्नेय हथियार, चाकू, अस्त्र अथवा ऐसी वस्तु जिसको हथियार माना जा सकता है।
- मादक पदार्थ अथवा नशीले पदार्थ।
- विलुप्त होने के कगार पर पहुंचे जीवों से बनाई हुई कोई भी पोशाक, कलाकृति अथवा औषधि।
- बिजली के उपकरण। अमेरिका में बिजली के उपकरण 115 वोल्ट तथा 60-साइकल सिस्टम में चलते हैं। इसलिए सबसे अच्छा यही रहेगा कि बिजली से चलने वाली चीजें आप अमेरिका में ही खरीदें।
- यह भी याद रहे कि टेलीविजन सहित सभी वीडियो सिस्टम, वी सी आर तथा डी वी डी प्लेयर (जो लैपटॉप कम्प्यूटरों में होते हैं, वे भी) विश्व के विभिन्न भागों में अलग-अलग सिस्टम से चलते हैं। आप अपने देश से जो उपकरण लाएंगे, हो सकता है वह अमेरिका में चले ही नहीं।

http://www.educationusa.state.gov/

© क्रिएटिव / गेट्टी इमेजेज